छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल

कबीर नगर व्यवसायिक परिसर,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल कॉलोनी,
कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.) – 492099

क्रमांक 2983/सू.अधि./छ.ग.प.सं.मं./ 2015 रायपुर, दिनांक 01/10/2015

:: आदेश ::

आवेदक श्री मोहम्मद यासीम, गायत्री हास्पीटल के पीछे, कासम बाड़ा नया सरकंडा, बिलासपुर से प्राप्त अपील दिनांक 16/09/2015 इस कार्यालय में आवक क्रमांक 8736 दिनांक 21/09/2015 की सुनवाई आज दिनांक 30/09/2015 को, दोपहर 11:00 बजे से की गई। सूनवाई के दौरान आवेदक श्री मोहम्मद यासीम एवं जनसूचना अधिकारी एवं क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर अनुपस्थित थे। जनसूचना अधिकारी एवं क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर द्वारा ई–मेल के माध्यम से अपना प्रतिवेदन पत्र क्रमांक 1331 दिनांक 30/09/2015 के माध्यम से प्रेषित किया प्रतिवेदन में जानकारी दी गई कि आवेदक को उनके मूल आवेदन दिनांक 20/07/2015 के तारतम्य में कुल 144 पेज की जानकारी प्रति पेज रू 2/– की दर से रू. 288/– जमा कराकर ले जाने के लिये क्षेत्रीय कार्यलय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के पत्र क्रमांक 889 दिनांक 28/07/2015 के माध्यम से सूचित किया गया था। लेकिन आवेदक द्वारा आज दिनांक तक राशि इस कार्यालय में जमा नही करायी गई है, एवं जानकारी नही ली गई है। अधोहस्ताक्षरकर्ता एवं अपीलीय अधिकारी ने दस्तावेजों का अवलोकन किया। दस्तावेजो के अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि सूचना लिये जाने के संबंध में जनसूचना अधिकारी, बिलासपुर द्वारा निर्धारित समयावधि के भीतर आवेदक को सूचित कर दिया गया था, लेकिन आवेदक द्वारा सूचना नही ली गई है। जनसूचना अधिकारी एवं क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर को इस निर्देश के साथ कि वे जानकारी प्राप्त किये जाने के संबंध में आवश्यक शुल्क जमा कराने बाबत् पुनः आवेदक को स्पीड पोस्ट से सूचना भेजे, अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा उक्त अपील निराकृत की जाती है।

अपीलीय अधिकारी एवं सदस्य सचिव
छ0ग0पर्यावरण संरक्षण मण्डल,
रायपुर

पृ0 क्रमांक 2984/सू.अधि./छ.ग.प.सं.मं./2015 रायपुर, दिनांक 01/10/2015

प्रतिलिपिः–

1. श्री मोहम्मद यासीम, गायत्री हास्पीटल के पीछे, कासम बाड़ा नया सरकंडा, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।
2. श्री बी.एस. ठाकुर, जनसूचना अधिकारी एवं क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

अपीलीय अधिकारी एवं सदस्य सचिव
छ0ग0पर्यावरण संरक्षण मण्डल,
रायपुर